**Regarding alleged non-payment of wages under MGNREGS**

**डॉ. नामदेव किरसान (गड़चिरोली-चिमुर) :** सभापति महोदया, मनरेगा श्रमिकों की मजदूरी का पेमेंट मेरे संसदीय क्षेत्र गड़चिरोली में अभी तक नहीं मिला है । चार-छ: महीने हो गए, उन्होंने मजदूरी की, लेकिन अभी तक उनको पेमेंट का भुगतान नहीं हुआ । सरकार का चालू वित्तीय वर्ष में मनरेगा श्रमिकों के लिए राज्यों को 6,434 करोड़ रुपया बकाया भी है । बकाया 6,434 करोड़ रुपया केन्द्र सरकार राज्यों को दे और जल्द से जल्द मनरेगा में जिन श्रमिकों ने काम किया है, उनका भुगतान जल्द से जल्द करे । उसी तरह किसानों ने खेतों में कुएं खोदे हैं, उनके भी पैसे अभी तक नहीं मिले हैं । उनका भुगतान भी जल्द से जल्द करना चाहिए । केंद्र सरकार राज्यों को यदि यह रकम देगी, तो उनको पेमेंट होगा । मेरी मांग यही है कि ये कार्य किए जाएं और जिस तरह से सौ दिनों का रोजगार उनको मिलना चाहिए, लेकिन केवल 50 दिन औसतन मिलता है, अत: पूरे सौ दिनों का रोजगार उनको मिले । यही मेरी मांग है । धन्यवाद ।